अभ्यास प्रश्न पत्र 1

कक्षा 10

सामाजिक विज्ञान

**Time 3 Hrs.** **M.M 80**

यह अभ्यास प्रश्न पत्र सी.बी.एस.ई की साइट पर उपलब्ध नवीनतम आदर्श प्रश्न पत्र पर आधारित है।

## सामान्य निर्देश :

1. यह प्रश्न पत्र चार भागोंमेंविभाजित है - खंड-क, खंड-ख, खंड-गऔर खंड-घ|
2. इस प्रश्न पत्र मेंकु ल35 प्रश्न हैं|
3. सभी प्रश्न अनिवार्यहैं |
4. प्रश्न के सामने अंक लिखे हुए हैं|
5. प्रश्न संख्या 1 से 20 अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं | प्रत्येकप्रश्न के एक अंकहैं |
6. प्रश्न संख्या 21 से 28, प्रत्येक 3 अंकोंकेहैं | इन प्रश्नोंकेउत्तर 80 शब्दोंसे अधिक नहीं होनी चाहिए|
7. प्रश्न संख्या 29 से 34, प्रत्येक 5 अंकोंकेहैं | इन प्रश्नोंकेउत्तर 120 शब्दोंसे अधिक नहीं होनी चाहिए|
8. प्रश्न संख्या 35 एक मानचित्र प्रश्न (6 अंकोंका ) है जिसके दोभागहैं - इतिहास (2 अंक ) तथा भूगोल (4 अंक )
9. मानचित्र आधारित प्रश्न संख्या 35 के स्थान पर दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए अलग से प्रश्न दिए गए हैं।

### खण्ड क

**प्र.1** निम्नलिखित में से कौन –सा कारक वैश्वीकरण के लिए उत्तरदायी नहीं है?

A. उदारीकरण

B. सूचना एवं प्रोद्यौगिकी

C. व्यापार अवरोधक

D. परिवहन के साधन

**प्र.2** निम्नलिखित में से कौन – सा कारक 'ऋण की शर्तों' का हिस्सा नही है?

1. ब्याज दर 2. समर्थक ऋणाधार 3. पुनर्भुगतान 4. पास बुक

A. केवल 1,2 एवं 3

B. केवल 2 एवं 4

C. केवल 4

D. उपरोक्त सभी

**प्र.3** अल्प रोजगार होता है जब लोग–

A. काम करना नहीं चाहते हैं।

B. सुस्त ढंग से काम कर रहे हैं।

C. अपनी क्षमता से कम काम कर रहे हैं।

D. उनके काम के लिए भुगतान नहीं किया जाता है।

**प्र. 4** निम्नलिखित में से कौन एक राजनीतिक दल का संघटक है?

A. नेता

B. सक्रिय सदस्य

C. अनुयायी

D. उपरोक्त सभी

**प्र.5** निम्नलिखित में से कौन – सा कथन भारतीय संविधान के संदर्भ में सही नहीं है?

A. यह धर्म के आधार पर भेदभाव को प्रतिबंधित करता है।

B. यह एक धर्म को राजकीय धर्म के रूप में मान्यता प्रदान करता है।

C. यह सभी व्यक्तियों को किसी भी धर्म को मानने आज़ादी प्रदान करता है।

D. धार्मिक समुदायों के मध्य समानता को स्थापित करता है।

**प्र.6** स्वतंत्रता के उपरांत भारत में विकसित की गई पहली बंदरगाह का नाम बताइए।

A. मुम्बई

B. काण्डला

C. चेन्नई

D. तुतीकोरन

**प्र.7** नीचे दिए गए प्रश्न में, दो प्राक्कथन दिए गए हैं एक संकल्पना(स) और दूसरा कारण (क)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

**संकल्पना** (स):राष्ट्र के निर्माण में संस्कृति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**कारण** (क): सिलसिया में बुनकरों ने उन ठेकेदारों के खिलाफ विद्रोह कर दिया जिन्होंने पहले उन्हें कच्चा माल देकर वस्त्र बनवाए व बाद में भुगतान में भारी कमी की गई।

**विकल्प**

A. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं एवं कारण, संकल्पना की सही व्याख्या है।

B. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं परन्तु कारण, संकल्पना की सही व्याख्या नहीं है।

C. संकल्पना (स) सही है एवं कारण (क) गलत है।

D. संकल्पना (स) गलत है परंतु कारण (क) सही है।

**प्र.8** नीचे दिए गए प्रश्न में, दो प्राक्कथन दिए गए है एक संकल्पना(सं) और दूसरा कारण (क)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

**संकल्पना** (स): 1917 में गुजरात के खेडा प्रान्त में किसानों के समर्थन में महात्मा गांधी ने सत्याग्रह का आयोजन किया।

**कारण** (क): कृषक फसलों के उत्पादन में कमी व प्लेग महामारी से पीड़ित थे। वे कर चुकाने में सक्षम नहीं थे इसलिए वे कर संग्रहण में छूट चाहते थे।

**विकल्प**

A. संकल्पना (स)एवं कारण (क) दोनों सही हैं एवं कारण, संकल्पना की सही व्याख्या है।

B. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं परन्तु कारण, संकल्पना की सही व्याख्या नहीं है।

C. संकल्पना (स) सही है एवं कारण (क) गलत है।

D. संकल्पना (स)गलत है परंतु कारण (क) सही है।

**प्र.9** नीचे दिए गए प्रश्न में, दो प्राक्कथन दिए गए हैं एक संकल्पना(सं) और दूसरा कारण (क)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

**संकल्पना** (स): नई प्रौद्योगिकी के विकास के साथ ही पढ़ने की नई संस्कृति का विकास हुआ।

**कारण** (क): हस्त मुद्रण से मशीन मुद्रण की तरफ क्रमिक विकास हुआ।
**विकल्प**

A. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं एवं कारण, संकल्पना की सही व्याख्या है।
B. संकल्पना (स) एवं कारण (क) दोनों सही हैं परन्तु कारण, संकल्पना की सही व्याख्या नहीं है।
C. संकल्पना (स) सही है एवं कारण (क) गलत है।
D. संकल्पना (स) गलत है परंतु कारण (क) सही है।

**प्र.10** वियना कांग्रेस का आयोजन किस सन् में किया गया?

A. 1818
B. 1816
C. 1817
D. 1815

प्रश्न संख्या 11 से 13 तक रिक्त स्थान भरिए।

**प्र.11** प्रसिद्ध अर्थशास्त्री जॉन मेनर्ड कीन्स के अनुसार भारतीय .......... के निर्यात ने 1929–1933 की महामंदी के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था के पुनरूत्थान में मदद की।
**प्र.12** ब्रेटन वुड्स सम्मेलन में ............... नामक संस्था की स्थापना की गई जिसका उद्देश्य सदस्य देशों में बाह्म अधिशेष व कमी को पूरा करना था।
**प्र.13** अफ्रीका में उपनिवेशीकरण 1885 में पूर्ण हुआ जिसे ........................ कहा गया।

**अथवा**

**प्र.11** ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कंपनी ने बुनकरों की निगरानी, तैयार माल के एकत्रीकरण एवं कपड़ों की गुणवत्ता की जाँच के लिए वेतनभोगी कर्मचारियों की नियुक्ति की जिसे ........................... कहते थे।
**प्र.12** औद्योगिकीकरण के प्रारंभिक काल में भाप इंजन का सर्वाधिक उपयोग................. उद्योग में किया गया।
**प्र.13** प्रथम भारतीय जिसने पहली जूट मिल की स्थापना .......................... की।

**प्र.14** पर्वतीय क्षेत्रों में मृदा अपरदन को रोकने के लिए एक उपाए बताइए।

**प्र.15** परिवहन के साधन के रूप में सड़क परिवहन के किसी एक महत्व को लिखिए।

अथवा

परिवहन के साधन के रूप में पाइपलाइन के किसी एक महत्व को लिखिए।

**प्र.16** लोकतंत्र शासन करने के अपने अन्य विकल्पों से किस प्रकार बेहतर है?

अथवा

लोकतंत्र सामाजिक विविधता में सामंजस्य स्थापित करता है? मूल्यांकन कीजिए।

**प्र.17** लोकतंत्र में विपक्षी दल की भूमिका का वर्णन कीजिए।

अथवा

लोकतंत्र में क्षेत्रीय दलों की भूमिका का वर्णन कीजिए।

**प्र.18** जन्म दर से आप क्या समझतें हैं?

अथवा

तृतीयक क्षेत्रक का विकास क्यों महत्वपूर्ण है?

**प्र.19** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूह किस प्रकार गरीब परिवारों के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ है?

अथवा

मुद्रा किस प्रकार आवश्यकता के दोहरे संयोग की समस्या को हल करती है?

**प्र.20** वैश्वीकरण में बहुराष्ट्रीय कंपनियों के महत्व का वर्णन कीजिए?

अथवा

भारत जैसे देश के लिए विदेश व्यापार के महत्व का वर्णन कीजिए।

## खण्ड ख

**प्र. 21** 'प्राकृतिक गैस पर्यावरण के अनुकूल ईंधन है'। कथन की व्याख्या कीजिए।

अथवा

'नवीकरणीय संसाधनों के उपयोग की महत्ती आवश्यकता है'। कथन की पुष्टि कीजिए।

**प्र.22** 'विकास को लेकर लोगों में परस्पर विरोधी लक्ष्य हो सकते है'। उदाहरणों के माध्यम से कथन की पुष्टि कीजिए।

अथवा

विश्व बैंक अपने विकास रिपोर्ट में विभिन्न देशों में वर्गीकरण करने के लिए किस प्रमुख मापदण्ड का प्रयोग करता है? इस मापदण्ड की सीमाओं का वर्णन कीजिए।

**प्र. 23**'भारत में साख के औपचारिक क्षेत्रों के विकास की अति आवश्यकता क्यों है'? तीन कारणों सहित वर्णन कीजिए।

अथवा

भारतीय रिजर्व बैंक अन्य बैंकों की गतिविधियों पर किस तरह नज़र रखता है? यह आवश्यक क्यों है?

**प्र.24** इटली के एकीकरण में ज्युसेपे मैजिनी एवं काउंट कावूर की भूमिका का वर्णन कीजिए।

अथवा

जर्मनी के एकीकरण में बिस्मार्क की भूमिका का वर्णन कीजिए।

**प्र.25** स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान राष्ट्रवाद के विचार को बढ़ावा देने में लोक–कथाओं, गीतों एवं साहित्य की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए।

**प्र.26** अर्थव्यवस्था के तीनों क्षेत्रकों की पारस्परिक निर्भरता की उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए।

**प्र. 27** जाति एवं राजनीति के सम्बन्धों के सकरात्मक एवं नकारात्मक आयामों का वर्णन कीजिए।

**प्र.28** 'पंचायती राज ने भारत में लोकतंत्र को मजबूत किया है'। उदाहरणों के माध्यम से उत्तर की पुष्टि कीजिए।

## खण्ड ग

**प्र.29** अल्लूरी सीताराम राजू कौन थे? आंध्र की गुडेम पहाड़ियों में विद्रोहियों को प्रेरित करने में उनकी भूमिका का वर्णन कीजिए।

अथवा

सविनय अवज्ञा आंदोलन को लेकर स्थानीय लोगों व उपनिवेशी सरकार ने किस प्रकार की प्रतिक्रिया दी? वर्णन कीजिए।

**प्र.30** हमारे देश के राजनीतिक दलों में सुधार हेतु उठाए गए कुछ कदमों का वर्णन कीजिए।

अथवा

राजनीतिक दलों के प्रमुख कार्यों का वर्णन कीजिए।

**प्र.31** भारतीय अर्थव्यवस्था में वस्त्र उद्योग का अद्वितीय स्थान है? क्यों?

अथवा

भारत में सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग के महत्व का वर्णन कीजिए।

**प्र.32** सत्ता में साझेदारी क्यों आवश्यक है? कारण बताइए।

**प्र.33** गहन जीविका कृषि व वाणिज्यिक कृषि के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए।

**प्र.34** 'न्यायसंगत वैश्वीकरण सभी के लिए अवसर का निर्माण करेगा और इसको सुनिश्चित करेगा कि इसके लाभ में सभी को समान भागीदारी मिले'। इस कथन की विवेचना कीजिए।

**खण्ड घ**

**प्र.35** A भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र में चार स्थान A, B, C और D चिन्हित किए गए है। नीचे दी गई सूचना के आधार पर उक्त स्थानों की पहचान करें एवं उन्हें मानचित्र में अंकित करे। (किन्हीं दो को भरिए)

1. वह स्थान जहाँ महात्मा गांधी ने नील कृषि के विरूद्ध आंदोलन आरंभ किया।
2. वह स्थान जहाँ कांग्रेस ने 1927 में अपना अधिवेशन किया।
3. वह स्थान जहाँ जलियाँवाला बाग जनसंहार हुआ।
4. वह स्थान जहाँ हुई घटना के उपरांत महात्मा गाँधी ने असहयोग आंदोलन वापस ले लिया।

**प्र.35** B भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र में निम्नलिखित में से किन्हीं चार स्थान को दर्शाइए।

1. रावतभाटा परमाणु ऊर्जा संयंत्र
2. बोकारों लौह इस्पात संयंत्र
3. थिरूवनंथपुरम सॉफ्टवेयर एवं तकनीकी पार्क
4. नेताजी सुभाष चंद्र बोस हवाई अड्डा
5. मार्मागाओ पत्तन
6. छत्रपति शिवाजी महाराज हवाई अड्डा
7. कांडला पत्तन


निम्नलिखित प्रश्न, प्रश्न संख्या 35 के स्थान पर केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए है। **(कोई छः करें)**

1. रॉलट एक्ट कब लागू किया गया?
2. महात्मा गांधी भारत वापस कब लौटे?
3. आनंदमठ नामक उपन्यास किसने लिखा?
4. उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ कलपक्कम नाभिकीय संयंत्र स्थापित है?
5. उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ बोकारों लौह इस्पात संयंत्र स्थापित है?
6. उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ नेताजी सुभाष चंद्र बोस हवाई अड्डा स्थापित है?
7. उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ मीना बक्कम हवाई अड्डा स्थापित है?
8. उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ छत्रपति शिवाजी महाराज हवाई अड्डा स्थापित है?

9. उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ कांडला पत्तन स्थापित है?

Q.35A & 35B

Practice paper - 1




Scanned with CamScanner